ई–मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांक –प्राशिप / अनु04 / 2023 / 3429 लखनऊ:दिनांक– 17/8/2023

विषय:–बैक पेपर/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना।

महोदय,

आप अवगत ही हैं परिषद की सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं वर्तमान में प्रचलित हैं।

उपरोक्त के संबंध में परिषद पत्रांक–प्राशिप / अनु04 / 2023 / 3137 दिनांक 02.08.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बैक पेपर एवं ओनली बैक पेपर के छात्र / छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा संस्था मे उपस्थित सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा हेतु आवंटित सम्बन्धित विषय के परीक्षक द्वारा ही सम्पन्न कराये जाने के संबंध मे निर्देश प्रदान किये गये हैं।

किन्तु संज्ञान में आया है कि कतिपय बैक पेपर/विशेष बैक पेपर के विषयों एवं विषम सेमेस्टर के कतिपय विषयों की परीक्षा हेतु संस्थान में मुख्य विषय में परीक्षक आवंटित नहीं हुए हैं या जिन छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गयी है। ऐसे छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा जनपद में निर्धारित नोडल संस्थान में दिनांक 20.08.2023 तक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। नोडल संस्थानों की सूची संलग्न है।

भवदीय,
(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0:–प्राशिप / अनु04 / 2023 / 3430-32 तददिनांक– 17-8-2023.

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0 प्र0, पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र।
3. नोडल अधिकारी/प्रधानाचार्य, सम्बन्धित जनपद, को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा अपने संस्थान के सम्बन्धित विषय के परीक्षक से सम्पन्न कराते हुए अंको को संकलित कर परिषद कार्यालय को दिनांक 22.08.2023 तक प्रेषित करने का कष्ट करें। यदि किसी विषय के परीक्षक संस्थान मे उपस्थित नहीं हैं, तो अपने नजदीकी संस्थान के परीक्षक से सम्पर्क कर परीक्षा पूर्ण करायी जाय और यदि किसी छात्र/छात्रा की परीक्षा हेतु आपकी संस्थान में लैब इत्यादि उपलब्ध नहीं है तो अपने जनपद में स्थित सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने वाली संस्था में अपने स्तर पर निर्णय लेते हुए छात्र की परीक्षा सम्पन्न कराने का कष्ट करे।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।